Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding operation of Inter State Domestic Air Services from Rajasthan

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि जयपुर इन्टरनेशनल एयरपोर्ट है, जहाँ वर्तमान में अन्तर्राष्ट्रीय सहित 71 उड़ानों का संचालन हो रहा है, परन्तु उनमें इन्टर स्टेट कनेक्टिविटी की 2 उड़ानें ही संचालित हो रही हैं । जैसलमेर और जोधपुर के लिए पहले उड़ानें प्रारम्भ की गई थीं, जो कि वर्तमान में बन्द हैं । महोदय, जयपुर प्रदेश की राजधानी होने के कारण उद्योग, पर्यटन, हस्तशिल्प आदि से प्रदेश के प्रत्येक जिले से जुड़ा हुआ है, परन्तु इंटर स्टेट उड़ानें नहीं होने के कारण व्यापार, पर्यटन दोनों प्रभावित हो रहे हैं । महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय नागर विमानन मंत्री जी से आग्रह है कि राजस्थान प्रदेश का घरेलू उड़ानों से सम्पर्क हो, इसलिए इंटर स्टेट कनेक्टिविटी की घरेलू उड़ानें प्रारम्भ किये जाने की आवश्यकता हैं ।

माननीय सभापति : श्री प्रद्युत बोरदोलोई – उपस्थित नहीं ।

श्री बैन्नी बेहनन – उपस्थित नहीं ।

श्री कोडिकुन्नील सुरेश – उपस्थित नहीं ।

श्री एस.आर. पार्थिबन – उपस्थित नहीं ।

श्री सी.एन. अन्नादुरई – उपस्थित नहीं ।

श्री खलीलुर रहमान – उपस्थित नहीं ।

श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू ।